नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(सितम्बर 2017)

डा अजय तिर्की महापौर

प्रिय नगरवासियों ,

कोई भी संस्था के सफल संचालन में वहां के नगरवासियो का सहयोग आवश्यक होता है और नगर में चलने वाले प्रत्येक कार्यो की पारदर्शिता एंव सुगमता मेरी प्राथमिता रही है इसी तारत्मय में इस वेब साईट का निमार्ण कराया गया है मेरा नगर वासियो से अपील है कि नगर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हो रहे शौचालयो का निर्माण अपने घरो में करा कर सहयोग प्रदान करें साथ ही आप सभी से अपील है कि समस्त करो का भुगतान समय पर करे, जल को व्यर्थ ना बहने दे, प्लास्टिक कैरी बैगो का इस्तेमाल ना करे एंव कचरो में निपटान में सहयोग कर नगर निगम को एक मजबूत निगम बनाने में सहयोग प्रदान करे । अतः में आप के सभी कार्यो को तत्परता सुगमता से करने के वादे के साथ,आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आप स्वस्थ रहे निरोग रहे इसी आशा के साथ आपका।

डा अजय तिर्की महापौर

श्रीमति सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल (रा.प्र.से.)
आयुक्त

स्वच्छ भारत का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी के सर्वोच्च कार्यो का प्रथम राष्ट्रीय सोपान है, और यह गर्व का विषय है कि छग के आदिवासी अंचल सरगुजा में अवस्थित नगर निगम अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर के सम्मानित नागरिकों ने इस सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, एवं उल्लेखनिय कार्य किया है, एस एल आर एम अम्बिकापुर माडल शत प्रतिशत डोर टु डोर संग्रहण एवं आजीविका मिशन का अनुपम उदाहरण है, इसी का परिणाम है कि इस श्रेष्ठ कार्य ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर इस अंचल को गौरवान्वित किया है, इस कार्य की कार्यस्थिती इस बात से ही प्रमाणित हो जाती है कि आज यह माडल छग के समस्त नगरीय निकायों के लिये मिशन क्लीन सिटी के रूप में प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है, एवं पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है, इसके साथ ही अम्बिकापुर निगम खुले में शौच मुक्त नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर अपने इस कार्य में सफलता का एक और पायदान कायम किया है

सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल

दिनांक 1 सितम्बर 2017

वेतन नही मिलने से तनाव मे है निगमकर्मी आदोलन की तैयारी

आर्थिक तंगी से जुझ रहे निगम प्रशासन प्लसमेट कर्मियो के साथ ही नियमित कर्मचारियो को भी वेतन नही दे पा रहा निगम के 378 नियमित कर्मचारियो पिछले तीन महीनो से वेतन की बाट जोह रहे है लंबे समय से वेतन का भुगतान नही मिल पाने के कारण कर्मचारियो की आर्थिक स्थिति चिंताजनक हो गई है और रोजमर्रा की जरूरतो के लिए भी उन्हे जुझना पड रहा है पुर्व मे प्लसमेट कर्मियो द्वारा निगम प्रशासन ने इन प्लसमेट कर्मियो के लिए बकाया एक दो महीने का वेतन भुगतान तो जारी कर दिया गया था मगर नियमित कर्मचारियो को पिछले तीन माह से वेतन के नाम पर फुटी कौडी भी नही मिल सका है

दिनांक 1 सितम्बर 2017

विघुत विभाग की लापरवाही निगम को लाखो की क्षति

मिशन चौक पर शार्ट सर्किट होने की वजह से कई लोगो के इलेक्टानिक सामान जल गए थे इसके साथ ही हाईवोल्टेज होने की वजह से नगर निगम को भी ढाई लाख का आर्थिक क्षति उठानी पडी है मिशन चौक सिथत पहुना दुकान के समीप विघुत विभाग की लापरवाही से 25 अगस्त को हाईवोलटेज हो जाने की वजह से कई घरो के इलेक्टिानिक समान जलकर खाक हो गए थे इसके साथ ही मिशन चौक मे नगर निगम द्वारा लगाए गए विघुत पोल व स्टीअ लाइट भी इसके चपेट मे आ गए थे इसकी वजह से नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पडा है

दिनांक 1 सितम्बर 2017

खुले मे कचरा जलाने पर लगाया अर्थदंड

नगर निगम द्वारा खुले मे कचरा फेकने वालो पर नकेल कसा है निगम आयुक्त के मार्गदर्शन मे अभियान चलाकर एक माह के अंदर 85 हजार रूपय लोगो से वसुला गया है गुरूवार को निगम आयुक्त ने मनेन्द्रगढ रोड पर कारवाई करते हुए नालियो पर कचरा डालने वालो से 15 हजार रूपय जुर्माना वसुला गया

दिनांक 4 सितम्बर 2017

एसएलआरएम सेंटरो मे मंदिर की तरह आनी चाहिए खुशबु किरण्

शहर को स्वच्छता मे राष्टीय ख्याति दिलाने वाली महिलाओ के बीच कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने अपना जन्मदिन मनाया और अपने क्षेत्र की डोर टु डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओ को कलेक्टर बंगले मे युर्जर चार्ज भी भुगतान किया डोर टु डोर कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओ को गुलाब का फुल देकर सम्मनित किया कलेक्टर के साथ निगम आयुक्त श्रीमती सुर्यकिरण तिवारी अग्रवाल का भी जन्मदिन था और उन्होने भी कचरा प्रबंधन कार्य मे लगी महिलाओ के साथ ही जन्मदिवस मनाया करीब चार सौ महिलाओ कलेक्टर को अपने बीच पाकर गदगद हो गई

दिनांक 10 सितम्बर 2017

अगले स्वच्छता सर्वेक्षण मे बडी चुनौती 8 हजार लोग सडको पर डाल रहे कचरा

स्वच्छता मे देश को अव्वल आने के बाद नगर निगम के लिए अब इस पोजीशन को बरकरार रखना बडी चुनौती है क्योकि 8 हजार लोग अब भी सडको पर कचरा फेक रहे है डोर टु डोर सफाई अभियान के बाद भी चारो तरफ कचरा बिखरा हुआ है जिससे शहर साफ नही दिखता लोग सडको पर कचरा न फेके इसके लिए पांच सौ रूपए जुर्माना का प्रावधान किया गया है लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है निगम को सभी शहरो से आगे निकलने के लिए 8 हजार लोगो को अभियान से जोडने के अलावा कुछ अलग करना होगा जनवरी मे सर्वेक्षण होना है अधिकारियो ने बताया कि सर्वेक्षण मे कचरे के कलेक्शन उसका निपटारा तथा सिटीजन फीड बैक पर 14-14 सौ नंबर है और दोनो मे शहर की सिथति ठीक है

दिनांक 11 सितम्बर 2017

अभियान मे निकला बडे पैमाने पर कचरा

नगर मे चल रहे विशेष सफाई अभियान ने जोर पकड लिया है लगातार नालियो से मलबा निकाला जा रहा है और सडक पर कचरा फेकने वालो पर जुर्माने की कारवाई की जा रही है लंबे समय से युजन चार्ज न देने वालो पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है ल्बे समय से युजर

चार्ज देने वालो से वसुली भी की जा रही है पिछले तीन चार दिनो से नगर के विभिन्न वार्डो मे सडको पर कचरा फेकने वालो को न सिर्फ चेतावनी दी गई बल्कि जुर्माने की राशि वसुल की गई नगर मे इन दिनो आयुक्त सफाई अभियान निगम आयुक्त सुर्यकिरण तिवारी अग्रवाल की अगुवाई मे कराई जा रही है

दिनांक 12 सितम्बर 2017

एक अरब से 40 साल नही होगी पेयजल समस्या

घुनघुटा जलाशय से शहर मे पानी लाने मिशन अमत के तहत एक अरब से अधिक की योजना अब धरातल पर दिखने लगी है पुणे की तेजस इंफास्टक्चर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी घुनघुटा जलाश्य से कतकालो गांव तक करीब चार किलोमीटर क्षेत्र मे पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द शुरू करने की तैयारी मे है बडे पैमाने पर पाइप कतकालो गांव आ चुका है जंहा टीटमेट प्लांट स्थापित होगा इस बडी योजना को मुर्त रूप देने निगम और तेजस के अधिकारी कर्मचारी संयक्त रूप से जुटे है शहर मे ढाई वर्ष के भीतर योजना को पुरा करने लक्ष्य है सभी काम एक साथ् शुरू हो रहे है योजना के स्थापित होने के बाद आगामी चार दशक तक शहर मे पेयजल की समस्या दुर हो जाएगी नगर निगम के प्रयासो से मिशन अमत के तहत आगामी चालीस वर्षो के लिए केन्द्र सरकार ने घुनघुटा जलाशय से अम्बिकापुर शहर मे पानी लाने की बडी योजना को मंजुरी दी और इसके लिए हर जरूरी चीजो की पुर्ति निगम ने की और प्रदेश मे पहले इस बडे योजना का लाभ अम्बिकापुर शहर को मिल गया है

दिनांक 13 सितम्बर 2017

कचरा व पेयजल समस्या आई तो होगी कारवाई

नगर निगम मेयर इन कौसिल ने मंगलवार को शहर के जिस क्षेत्र मे कचरे व पेयजल समस्या आने पर क्षेत्र के सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है कौसिल ने यह भी निर्णय लिया कि ऐसे सुपरवाइजर की जगह सफाई कर्मचारी रख लिए जाएग्रे जो कम से कम ईमानदारी से सफाई तो करेगे बैठक मे मेयर डॉ अजय तिर्की ने अधिकारियो पर नराजगी जताई उन्होने नगर के एक निजी तालाब की सफाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष के भुख हडताल के बाद

जुस पिलाकर भुख हडताल तुडवाने पर भी आपत्ति जताई उनका कहना है कि जब एक दिन पहने तालाब की सफाई के लिए सभी संसाधन व मजदुरो की व्यवस्था कर ली थी

दिनांक 14 सितम्बर 2017

स्वच्छता सर्वेक्षणसे पहले सडके ठीक करने मांगे दस करोड 40 सडको को होगा नवीनीकरण

जनवरी मे होने वाले अगले स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर निगम की सडको को ठीक करने के लिए दस करोड रूपय मांगे गए है जिससे लोग परेशान हो रहे है सडके खराब होने से शहर साफ नही दिखाता अधिकारियो ने बताया कि हफते भर मे सडको के लिए स्वीकति भी मिल जाएगी दिवाली से पहले काम शुरू हो जाएगा करीब 40 सडको का नवीनीकरण किया जाएगा निगम की ज्यादातर सडके खराब हो गई है कही उबड खाबड सडके तो गडढो मे सडके दिखाई नही दे रही है सडको की खस्ताहाल को लेकर धरना प्रदर्शन हो रहे है अधिकारियो ने बताया कि जनवरी से पहले सडके ठीक करा दी जाएगी

दिनांक 14 सितम्बर 2017

शहर मे रात 10 से 1 बजे तक लगाई गई झाडु

शहर मे स्वछता अभियान के तहत अब रात के समय भी ननि झाडु लगाने का काम करेगा सफाई का यह कार्य व्यवसायिक क्षेत्रो मे किया जाएगा निगम के इस अभियान की शुरूवात मंगलवार रात से की जा चुकी है निगम प्रशासन ने यह फैसला व्यवसाइयो को स्वच्छता का पाठ पढाने के लिए लिया है जिसके तहत अब शहर मे प्रमुख व्यवसायिक मार्ग देवीगंज रोड सदर रोड स्कुल रोड ब्रम्ह रोड संगम चौक महामाया चौक गांधी चौक घडी चौक अम्बेडकर चौक सहित अन्य हिस्सो मे निगम के सफाई कर्मी रात 10 बजे के बाद सडको पर झाडु लगाकर कचरा उठाने का काम करेगे इस काम के लिए निगम ने लगभग 40 कर्मचारियो की टीम तैयार कर उनहे यातायात जैकेट और व्हिसिल प्रदान की है ननि ने रात मे सफाई करने वाले

कर्मीयो की डयुटी रोस्टर तैयार किया है मंगलवार की रात इसकी शुरूवात महामाया चौक से गांधी चौक के बीच रात 10 से 1 बजे तक झाड़ु लगाकर की गई

दिनांक 14 सितम्बर 2017

गुदरी बाजार मे चारपहिया का प्रवेश अब प्रतिबंधित

नगर के व्यस्त व भीडभाड वाले दैनिक गुदरी बाजार मे अब सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक चारपहिया वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है इस अवधि मे यदि कोई चारपहिया वाहन प्रवेश किया तो उसपर कारवाइ हो्गी बाजार के प्रवेश मार्ग पर बैरिकेटस लगाया जाएगा सब्जी व्यापारियो को चेतावनी दी गई है कि बाजार की सडको व नालियो मे कचरा फेका तो उनसे जुर्माना वसुला जाएगा सुखा और गीला कचरा अलग अलग रखने की चेतावनी भी दी गई गुरूवार को निगम आयुक्त सुर्यकिरण अधिकारियो व यातायात प्रभारी के साथ गुदरी बाजार पहुंची इस दौरान बाजार प्रभारी एमआईसी सदस्य नुरूल अमीन सिददकी वरिष्ठ पार्षद परमवीर सिह बाबरा एल्डरमैन शैलेष सिह भी मौजुद रहे

दिनांक 15 सितम्बर 2017

स्वच्छता से ही अंबिकापुर का देश मे बज रहा डंका

स्वच्छता ही सेवा के तहत लोगो को स्वच्छता के पति जागरूक करने के उददेश से 15 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक विभिन्न् जनजागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ मल्टीपरपज स्कुल मे जनप्रतिनिधियो गणमान्य नागरिक अधिकारियो एंव कर्मचारियो तथा विघार्थियो की उपस्थिति मे स्वछता की शपथ लेकर शपथ पत्र हस्ताक्षर किए अतिथियो द्वारा स्वछता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया

दिनांक 16 सितम्बर 2017

मैदान मे अभियान चलाकर निगम ने कराई साफ-सफाई

शहर की बजबजाती नालिया सडको पर बिखरे पडे धुल व लोगो द्वारा खुले मे फेके गए कचरो को नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर साफ -सफाई कराई जा रही है निगम आयुक्त द्वारा

जहां सडको पर कचरा फेकने वालो के खिलाफ सख्त कारवाई की जा रही है वही जुर्माना भी वसुला जा रही है शुक्रवार को शहर के गांधी स्टेडियम सहित अन्य जगहो पर भारी संख्या मे निगम कर्मचारि लगाकर साफ-सफाई कराइ गई गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा कर्मचारी भर्ती आयोजन के बाद गांधी स्टेडियम मे कचरा व झुठन छोडकर चले गए थे इससे वहां आने वाले लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा था इसकी जानकारी वन विभाग के आला अधिकारियो को भी थी लेकिन उनके द्वारा कचरा हटाने की तरफ कोई पहल नही किया जा रहा था

दिनांक 16 सितम्बर 2017

रावण कुंभकर्ण एंव मेघनाद के साथ गंदगी का भी जलेगा पुतला

विजयादशर्मी महोत्सव के लिए तैयारिया तेज हो गई है वर्षो से सरगुजा सेवा समिति नागरिक समिति व प्रशासन समिति के संयुक्त तत्वधान मे संभाग मुख्यलाय मे भव्य विजयदशर्मी महोत्सव व असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन किया जाता है इस बार पारपंरिक तरीके से रावण का पुतला जलाया जाएगा और स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा

दिनांक 16 सितम्बर 2017

देशभर मे सफाई के लिए रोल मॉडल् बनेगा अम्बिकापुर शहर

नगर को साफ-सुथरा रखने वाला सरगुजा संभाग का अम्बिकापुर पुरे मुल्क मे नमुदार होगा यहां कचरा कलेक्शन की वैज्ञानिक पध्दति बेहद काम की मानी गई है महिला स्वयसहायता समुहो के सहयोग से ही यह सब संभव हुआ है तत्कालीन शहरी विकास मंत्री वेकैया नायडु ने भी इसकी सराहना की थी दरअसल अम्बिकापुर मे सुखे और गीले कचरे को अलग अलग इकठा किया जाता है इसे री साईकिल कर उपयोग वस्तु अथवा सामग्री को बाजार मे बेंचा जाता है स्वयसहायता समुह मे लगी महिलाए इससे आय हासिल करती है वह आत्मनिभरता की दिशा मे आगे बढ रही है यही वजह है कि अम्बिकापुर माडल को राज्य की सभी नगर पंचायतो पालिकाओ व निगमो मे लागु किया जा रहा है देश के अन्य हिस्से मे भी अम्बिकापुर माडल को अपनाए जाने की कवायद शुरू हो गई है

दिनांक 18 सितम्बर 2017

सरगुजा को साफ और स्वच्छ बना मिसाल बने

ग़हमंत्री रामसेवक पैकरा ने किया अभियान का शुभारंभ् ग़हमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा है कि स्वचछता के क्षेत्र मे अम्बिकापुर का नाम राष्टीय स्तर पर रोशन हुआ है उन्होने कहा कि स्वच्छ अम्बिकापुर की तरह ही पुरे सरगुजा जिले को स्वच्छ सरगुजा बनाने मे सभी जनप्रतिनिाधियो और जिलेवासी अपनी सहभागिता निभाए गहमंत्री श्री पैकरा आज यहां स्थानीय प्रतीक्षा बस स्टैण्ड मे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे श्री पैकरा ने इस कहा कि अम्बिकापुर नगर मे जनप्रतिनिधियो पार्षदो और स्थानीय न्ागरिको के सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र मे अच्छा कार्य किया गया है जिससे देश मे अम्बिकापुर का उदाहरण दिया जाता है

दिनांक 23 सितम्बर 2017

नईदुनिया की पहल पर जोडा तालाब को संवारने अभियान आज ये

श्रमदान मे जनप्रतिनिधियो अधिकारी व आमजन होगे शामिल निकाला जाएगा तालाब से शैवाल

स्वच्छता अभियान के तहत नगर जोडा तालाब के सफाई व श्रमदान अभियान नईदुनिया के द्वारा शनिवार को चलाया जाएगा जनप्रतिनिधि अधिकारी व आम नागरिक सामजिक संगठनो से जुडे लोग इस अभियान व श्रमदान सुबह नौ बजे से आरंभ होगा राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव मेयर डॉ अजय तिर्की हस्तशिल्प बोर्ड के पुर्व अध्सक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता मेयर अनिल सिह कलेक्टर किरण कौशल नगर निगम सभापति शफी अहमद डिप्टी मेयर अगवाल नेता प्रतिपक्ष जन्मेजय मिश्रा सहित राजनीतिक दलो से जुडे वरष्ठि पदाधिकारी व अधिकारी श्रमदान मे शामिल होगे

दिनांक 25 सितम्बर 2017

सफाई की शिकायतो के निराकरण मे भी प्रदेश मे अव्वल बना अम्बिकापुर

शहर मे हो रही सफाई या उसमे लापरवाही इसे लेकर शहरवासियो ने शिकायत दर्ज कराने मे जगारूकता दिखाई है निगम की सफाई व्यव्स्था को लेकर कुछ संतुष्ठ दिखे तो कुछ ने नाराजगी जताते हुए फोटो के साथ शिकायत दर्ज कराई इन सब की मिली जुली एन्टी की वजह

से अम्बिकापुर निगम आज पुरे प्रदेश मे 2445 शिकायतो का निराकरण कर स्वच्छता रैकिग मे अव्वल स्थान पर है भारत सरकार ने देश के 1567 शहरो की सुची जारी की है इसमे प्रदेश के वे शहर शामिल है जिन्हे सरकार ने स्मार्ट सिटी के लिए प्रस्तावित किया था स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 मे शामिल शहरो की सफाई व्यव्स्था की शिकायतो और सुझाव देने के लिए एसबीएम एप का प्रचार प्रसार किया जाना है एप मे दर्ज शिकायतो का निराकरण करने के बाद स्थान की फोटो खीचकर भेजना है दर्ज शिकायतो और निराकरण के आधार पर शहर को अंक दिया जाएगा

दिनांक 26 सितम्बर 2017

नगर निगम ने बनारस रोड से हटाया अतिक्रमण

सोमवार को निगम आयुक्त के निर्देश पर बनारस रोड मे सडक किनारे संचालित स्थाई ठेला गुमटियो पर उडनदस्ता दल द्वारा कारवाई की गई निगम के अधिकारियो ने सडक से सटकर संचालित गुमटियो को पीछे की तरफ स्थापित करने के साथ ही बांस बल्ली के सहारे संचालित स्थाई गुमटियो पर अतिक्रमण हटाने की कारवाई की गई दरअसल नगर निगम द्वारा ठेला व गुमटी संचालको के लिए वेडिंग व नो वेडिंग जोन का निर्धारण किया गया है व उन्हे सडक से हटाकर अपने अस्थाई ठेले संचालित करने के निर्देश दिए गए है

दिनांक 27 सितम्बर 2017

अब पुर शहर मे शुरू होगी निगम की रात्रिकालीन सफाई व्यव्स्था

स्वच्छता के अनुठे कार्य के लिए राष्टीय स्तर पर ख्याति प्राप्त अबिकापुर शहर मे रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था भी शुरू हो गई है इसका जायजा लेने रात्रि करीब 12 बजे कलेक्टर किरण कौशल निगम अमले के साथ् निकली उन्होने नगर के गांधी चौक घडी चौक से देवी्गंज मार्ग महामाया चौक तक की सफाई व्यवस्था का जयेजा लिया रात्रि 10 बजे जब शहर की दुकाने बंद हो जाती है इसके बाद सफाई अमला झाडु लेकर निकलता है प्रथम चरण मे महामाया चौक तक रात्रिकालीन सफाई व्यव्सथा आरंभ की गई है कलेक्टर ने जायजा लेने के बाद शहर के अन्य मार्गो व गली गलियारो मे यह व्यव्सथा शुरू करने कहा है

दिनांक 30 सितम्बर 2017

शहर मे स्वच्छता अभियान मे लगी महिलाओ को मिलेगा राष्टीय पुरस्कार

स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कष्ट कार्य के लिए यहा सफाई अभियान मे लगी महिलाओ के स्वच्छ अम्बिकापुर मिशन सहकारी समिति को स्वच्छता ही सेवा राष्टीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है समिति से 456 महिलाओ जुडी है और पुरा मिशन ये महिलाओ ही संचालित कर रही है दो साल पहले शहर मे यह अभियान शुरू हुआ था और स्वच्छता मे अम्बिकापुर देश दो लाख की आबादी वाला शहरो मे अव्वल रहा इस बार समुह को राष्टीय पुरस्कार मिलने जा रहा है दो अक्टुबर को गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली विज्ञान भवन मे आयोजित कार्यक्रम मे महिलाओ को यह पुरस्कार देगे

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

सम्पर्क हेतु नंबर –

निदान 1100 –
सफाई, पानी, सड़क बत्ती, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संबंधित शिकायत दर्ज करवाने संपर्क करे.

कार्यालय का पता – नगर पालिक निगम प्रशासनिक भवन, केदारपुर पानी टंकी अम्बिकापुर (छ.ग.)